हिन्दी यूनिकोड कार्यशाला - दिनांक 26 सितम्बर 2018

संस्थान में आयोजित हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत सभी वैज्ञानिकों / अधिकारियों / कर्मचारियों व डी.टी.पी. आपरेटरों हेतु एक दिवसीय यूनिकोड कार्यशाला का आयोजन बुधवार, दिनांक 26 सितम्बर 2018 को कक्ष सं. 421 ए में किया गया । सर्वप्रथम डा. आशुतोष देव, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी आई.सी.टी. ने मुख्य अतिथि श्री कलीम उल्लाह खान का स्वागत करते हुए कार्यशाला को प्रारंभ किया ।

यह कार्यशाला दो सत्रों में संचालित किया गया । कार्यकमानुसार पहले सत्र में 18 व दुसरे सत्र में 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया । दोनों ही सत्रों में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को श्री कलीम उल्लाह खान, कम्प्यूटर विशेषज्ञ ने यूनिकोड संबंधी जानकारी दी । उन्हें यूनिकोड डाउनलोड करना व उसमें आनेवाली समस्याओं से अवगत कराया गया तथा सभी प्रतिभागियों को व्यवहारिक अध्ययन भी कराया । प्रतिभागियों ने कहा कि यह कार्यशाला अत्याधिक लाभप्रद है तथा इस कार्यशाला से कम्प्यूटर पर हिन्दी में कार्य करना आसान हो गया है । सभी प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला में उत्साह व रूचि से भाग लिया ।

अंत में कार्यशाला की समन्वयक श्रीमती रेखा नायर, स.मु.तक.अधि. ने कहा कि यह कार्यशाला सभी के लिए लाभप्रद सिद्ध हुई है । इससे अब सभी वैज्ञानिक/अधिकारी/कर्मचारी एवं डी.टी.पी. आपरेटर कम्प्यूटर मशीनों पर हिन्दी में सरलता से कार्य करेंगें ।